राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी ने उनकी पहल पर आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया

राज्य सरकार द्वारा जनजातीय क्षेत्र में नीट की तैयारी के लिए लगाई जा रही कक्षाएं उच्च गुणवत्ता की, आदिवासी क्षेत्रों में आयेंगे इसके दूरगामी परिणाम

**व्यवस्थाओं एवं प्रबंधन को सराहा, कहा जनजाति क्षेत्र के लिए वरदान है यह विद्यालय**

जयपुर, 31 जुलाई। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उनके निर्देश पर उनके सचिव डॉ. पृथ्वी ने गुरूवार को उदयपुर जिले के ढीकली गांव स्थित मॉडल पब्लिक रेजिडेंशल स्कूल का औचक अवलोकन किया। डॉ. पृथ्वी ने आवासीय विद्यालय की व्यवस्थाओं और वहां उपलब्ध सुविधाओं की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने आवासीय विद्यालय में बैड, फॅर्निचर, उपलब्ध पुस्तकों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा अध्ययनरत छात्राओं से संवाद कर प्रबंधन की जानकारी ली।

जनजातीय क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए संचालित मेडिकल परीक्षाओं की तैयारी से जुड़ी नीट कक्षाओं में राज्य सरकार द्वारा फिजिक्सवाला कोचिंग कक्षा की पढ़ाई को उन्होंने स्वयं जाकर देखा। हिंदी माध्यम से करवाई जा रही मेडिकल शिक्षा की पढ़ाई को उन्होंने उच्च गुणवत्ता की बताया तथा कहा कि इसके दूरगामी परिणाम आएंगे। आदिवासी क्षेत्रों में भविष्य में उनके स्वयं के चिकित्सक उपलब्ध हो सकेंगे।

राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी स्वयं एमबीबीएस डॉक्टर हैं। उन्होंने खुद भी इस दौरान नीट की तैयारी कर रहे बच्चों को पढ़ाया। मोटिवेशनल स्पीच दिया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल श्री बागडे चाहते हैं, आप सभी सक्षम बने। भविष्य के उम्दा डॉक्टर बने।

बाद में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के जनजातीय क्षेत्र विकास विभाग द्वारा संचालित मॉडल आवासीय विद्यालय बहुत अच्छा काम कर रहे है। इनसे उदयपुर, खैरथल, डूंगरपुर तथा आस पास के बच्चों को वृहद्व स्तर पर लाभ मिल रहा है। बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ रहा है।

उन्होंने आवासीय विद्यालयों के प्रबंधन और व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए वहां कार्यरत अधिकारियों, शिक्षकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों के लिए यह विद्यालय वरदान है।

डॉ. पृथ्वी ने कहा कि राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने अपने कार्यकाल का एक वर्ष जनजाति क्षेत्रों के विकास को समर्पित किया है। उनकी मंशा के अनुरूप आवासीय विद्यालयों और जनजाति क्षेत्र विकास के लिए किए जा रहे कार्य उन्होंने स्वयं जाकर देखें हैं। इस क्षेत्र में राज्य सरकार के प्रयासों से किए जा रहे कार्य जनजातीय विकास के लिए बहुत प्रभावी हैं।

———


विकास






HDFC BANK
PARIVARTAN
ऊर्जा के प्रकार




मॉडल पब्लिक रेजिडेन्शियल स्कूल ढीकली
जिला उदयपुर (राज.)
जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग (TAD) राजस्थान सरकार
आपका हार्दिक स्वागत करता है